प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

1 जुलाई 2024

भारतीय रिज़र्व बैंक ने श्रीमती चारुलता एस कर को नए कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 1 जुलाई 2024 से श्रीमती चारुलता एस कर को कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया।

कार्यपालक निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पूर्व, श्रीमती कर मानव संसाधन प्रबंध विभाग में प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थीं।

श्रीमती कर को रिज़र्व बैंक में भुगतान एवं निपटान प्रणाली, सूचना प्रौद्योगिकी, सरकारी बैंकिंग, आंतरिक लेखा और मानव संसाधन प्रबंध के क्षेत्रों में कार्य करने का तीन दशकों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने बीआईएस के कई कार्य दल में रिज़र्व बैंक का प्रतिनिधित्व किया है और अन्य आंतरिक और बाह्य समितियों के सदस्य के रूप में कार्य किया है।

कार्यपालक निदेशक के रूप में श्रीमती कर 1. संचार विभाग, 2. मानव संसाधन प्रबंध विभाग, 3. सूचना का अधिकार (प्रथम अपीलीय प्राधिकरण) का कार्यभार संभालेंगी।

श्रीमती कर मुंबई विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातकोत्तर हैं और उन्होंने ट्रेजरी एवं विदेशी मुद्रा प्रबंधन में डिप्लोमा किया है। वे आईआईबीएफ़ की प्रमाणित एसोसिएट भी हैं।

(पुनीत पंचोली)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/609